ई-न्यूज

24 न्यूज अपडेट

WebSite.: https://24newsupdate.in

उदयपुर, गुरूवार 12 मार्च 2026

Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com

वर्ष 2 अंक 296

गैस संकट से थमी रसोइयां: होटल-रेस्टोरेंट बंद

एजेंसियों पर लंबी कतारें; गांवों में 45 दिन बाद बुकिंग














24 न्यूज अपडेट

सरकार चाहे लाख इधर उधर की बात करे, राजस्थान में एलपीजी संकट के कई चेहरे एक साथ दिखाई दे रहे हैं। जयपुर में चाय की थड़ियों और मिठाई की दुकानों पर कॉमर्शियल सिलेंडर की कमी के कारण घरेलू सिलेंडर से काम चलाया जा रहा है और लोग इलेक्ट्रिक चूल्हे खरीदने बाजार पहुंच रहे हैं। सीकर में बढ़ती कीमतों और किल्लत के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सड़क पर ईंटों का चूल्हा जलाकर रोटी बनाते हुए प्रदर्शन किया। सवाई माधोपुर और चित्तौड़गढ़ में गैस खत्म होने से कई होटल-रेस्टोरेंट बंद कर कर्मचारियों को घर भेजना पड़ा। जोधपुर, अलवर और भरतपुर में गैस एजेंसियों के बाहर घरेलू सिलेंडर के लिए लंबी कतारें लगी रहीं, जहां घंटों इंतजार के दौरान लोगों की तबीयत तक बिगड़ने लगी। उदयपुर में कांग्रेस ने विरोध प्रदर्शन किया तो प्रशासन ने अवैध रिफिलिंग के खिलाफ कार्रवाई करते हुए सिलेंडर जब्त किए। राज्यभर में सप्लाई गड़बड़ाने से कोयला-लकड़ी की भट्ठियों और इंडक्शन चूल्हों की मांग अचानक बढ़ गई है, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में घरेलू सिलेंडर की नई बुकिंग के लिए 45 दिन का इंतजार तय कर दिया गया है।

अब छोटे बच्चे भी चला सकेंगे वॉट्सएप: मेटा ने पेरेंट-मैनेज्ड मॉडल पेश किया; 13 साल से कम उम्र वालों के लिए होगा



24 न्यूज अपडेट

वॉट्सएप को ऑपरेट करने वाली कंपनी मेटा ने 'पेरेंट-मैनेज्ड' अकाउंट मॉडल पेश किया है। इससे अब 13 साल से कम उम्र के बच्चे भी वॉट्सएप का इस्तेमाल कर सकेंगे।

अब तक वॉट्सएप इस्तेमाल करने की न्यूनतम उम्र 13 साल थी। इस नए फीचर में माता-पिता या अभिभावक अपने बच्चों के अकाउंट को पूरी तरह कंट्रोल कर पाएंगे।

कंपनी का कहना है कि यह फीचर एक्सपर्ट्स और परिवारों के सुझावों के बाद तैयार किया गया है ताकि बच्चे सुरक्षित तरीके से मैसेजिंग और कॉलिंग कर सकें।

फरवरी में रिटेल महंगाई बढ़कर 3.21% हुई: खाने-पीने की चीजें महंगी होने का असर; इजराइल-ईरान जंग से ये और बढ़ सकती है



24 न्यूज अपडेट

फरवरी में रिटेल महंगाई बढ़कर 3.21% पहुंच गई है। इससे पहले जनवरी में यह 2.74% थी। आज 12 मार्च को ये आंकड़े जारी किए गए हैं। महंगाई में यह बढ़ोतरी ऐसे समय में हुई है जब इजराइल-अमेरिका और ईरान के बीच जंग चल रही है।

विशेषज्ञों का मानना है कि अगर यह जंग लंबी चली तो कच्चे तेल के दाम 150 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच सकते हैं। इससे पेट्रोल-डीजल महंगा हो सकता है, जिससे माल ढुलाई का खर्च बढ़ेगा और फल-सब्जी समेत हर जरूरी सामान की कीमतें बढ़ जाएंगी।

खाने-पीने की चीजों के दाम चढ़ने से महंगाई बढ़ी

महंगाई बढ़ने की सबसे बड़ी वजह खाने-पीने की चीजों के दामों का बढ़ना है। फूड इन्फ्लेशन फरवरी में बढ़कर 3.47% पर पहुंच गया। जनवरी में यह आंकड़ा केवल 2.13% था।

ग्रामीण इलाकों की तुलना में शहरों में महंगाई थोड़ी कम रही। ग्रामीण महंगाई जनवरी के 2.73% से बढ़कर 3.37% हो गई, जबकि शहरी महंगाई 2.75% से बढ़कर 3.02% रही।

गुजरात-राजस्थान में लू चली, 11 शहरों में पारा 41C पार: महाराष्ट्र का नंदूरबार सबसे गर्म, तापमान 42.4C; सोनमर्ग-लाहौल स्पीति में बर्फबारी



24 न्यूज अपडेट

मार्च में लगातार मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है। उत्तर भारत के मैदानी राज्यों में मार्च के तीसरे हफ्ते में ही पारा 40 का आंकड़ा पार कर गया है। IMD ने गुरुवार को गुजरात, सौराष्ट्र और कच्छ में हीटवेव और लू का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। महाराष्ट्र के विदर्भ, कर्नाटक और केरल में भी हीटवेव का यलो अलर्ट है।

हालांकि जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड, हिमाचल, असम, मेघालय, अरुणाचल, सिक्किम, नगालैंड, मणिपुर, त्रिपुरा, मिजोरम, झारखंड, ओडिशा में आंधी-बारिश का यलो अलर्ट जारी किया गया है। हिमाचल में बारिश के साथ ओले गिर सकते हैं।

गुरुवार दोपहर तक हिमाचल प्रदेश के लाहौल स्पीति और जम्मू-कश्मीर के सोनमर्ग में बर्फबारी जारी है। सोनमर्ग में बर्फ की चादर बिछने से पर्यटक फिर से पहुंचने लगे हैं।

बुधवार को गुजरात के वल्लभ विद्यानगर, राजकोट, सुरेंद्रनगर, बरोडा, अहमदबाद, सूरत और महाराष्ट्र के अकोला में तापमान 41C से ज्यादा रहा। देश का सबसे ज्यादा तापमान 42.4C महाराष्ट्र के नंदुरबार में रिकॉर्ड किया गया।

मौसम में सबसे ज्यादा बदला हुआ रूप उत्तर प्रदेश में दिखाई दिया, यहां बुधवार से घना कोहरा छाया है। विजिबिलिटी 30 मीटर से भी कम रही। मौसम विभाग के मुताबिक 18 साल बाद मार्च में ऐसे हालात बने हैं।

मेघालय में भी कोहरे के कारण विजिबिलिटी 50 से 100 मीटर के बीच रही। IMD का कहना है कि एक नया पश्चिमी विक्षोभ 14 मार्च से एक्टिव हो रहा है। जो उत्तर-पश्चिम भारत को प्रभावित कर सकता है। असम के डिब्रूगढ़ में आए तूफान से 100 से ज्यादा लोग प्रभावित हुए हैं। अधिकारियों ने बताया कि तूफान के बाद भारी बारिश हुई, जिससे घरों और फसलों को नुकसान हुआ।

गैस की किल्लत, 900 वाला सिलेंडर 1800 में मिल रहा: गांवों में अब 45 दिन में सिलेंडर बुक कर सकेंगे, पहले 25 दिन में कर सकते थे



24 न्यूज अपडेट

अमेरिका-इजराइल की ईरान से जंग की वजह से देशभर में LPG की किल्लत हो गई है। गैस एजेंसियों के बाहर लम्बी लाइनें हैं। सिलेंडर की कालाबाजारी भी हो रही है।

बिहार के कई शहरों में 1000 रुपए वाले घरेलू सिलेंडर के लिए 1800 रुपए तक वसूले जा रहे हैं। वहीं मध्य प्रदेश में 1900 का कॉमर्शियल सिलेंडर 4000 में बिक रहा है।

उधर, कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की सप्लाई पर रोक से होटलों और रेस्टोरेंट्स ने इंडक्शन पर खाना बनाना शुरू कर दिया है। इससे बाजार में इंडक्शन की डिमांड भी बढ़ गई है।


जयपुर के जयंती बाजार, एसोसिएशन के अध्यक्ष सचिन गुप्ता ने बताया कि जयपुर में महीने के 2500 से 3000 इंडक्शन बिकते थे। इनकी डिमांड अब 50% तक बढ गई है।

सेंसेक्स 829 अंक गिरकर 76,034 पर बंद: निफ्टी भी 228 अंक टूटा; ऑटो और बैंकिंग शेयर्स में बिकवाली रही

12 मार्च, 2026

सेंसेक्स 3:30 बजे तक

76,864 प्रीवियस क्लोज



24 न्यूज अपडेट

अमेरिका-इजराइल और ईरान के कारण शेयर बाजार में आज यानी 12 मार्च को लगातार दूसरे गिरावट रही। सेंसेक्स 829 अंक (1.08%) की गिरावट के साथ 76,034 पर बंद हुआ।

वहीं निफ्टी में भी 228 अंक (0.95%) की गिरावट रही, ये 23,639 पर बंद हुआ। आज ऑटो, FMCG, रियल्टी और बैंकिंग शेयर्स में ज्यादा गिरावट रही। एनर्जी और मेटल शेयर्स में बढ़त रही।

गैस सिलेंडर महंगा होने पर कांग्रेस का कलेक्ट्री के बाहर जोरदार प्रदर्शन



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 12 मार्च 2026। घरेलू रसोई गैस के दामों में हालिया वृद्धि, कॉमर्शियल गैस सिलेंडरों की कमी और बढ़ती महंगाई के विरोध में उदयपुर शहर जिला कांग्रेस कमेटी ने गुरुवार को जिला कलेक्टर कार्यालय के बाहर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष फतेह सिंह राठौड़ ने किया। इसके बाद जिला कलेक्टर के माध्यम से द्रौपदी मुर्मू (राष्ट्रपति) के नाम ज्ञापन भेजा गया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ रोष जताते हुए कहा कि घरेलू रसोई गैस सिलेंडर के दामों में लगभग 60 रुपये की बढ़ोतरी से मध्यम वर्ग, श्रमिक वर्ग और गरीब परिवारों की रसोई पर सीधा असर पड़ा है। साथ ही विवाह समारोहों और सामाजिक कार्यक्रमों के लिए जरूरी कॉमर्शियल गैस सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता नहीं होने से आमजन तथा फूड व्यवसाय से जुड़े संचालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में बढ़ती महंगाई पर चिंता जताते हुए कहा गया कि आम जनता का जीवन लगातार कठिन होता जा रहा है। साथ ही विदेशों में फंसे भारतीय नागरिकों की सुरक्षित वापसी के लिए केंद्र सरकार से प्रभावी कदम उठाने की मांग भी की गई। ज्ञापन के माध्यम से कांग्रेस ने मांग की कि घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में की गई वृद्धि को तत्काल वापस लिया जाए, सामाजिक कार्यक्रमों और विवाह समारोहों के लिए कॉमर्शियल गैस सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, बढ़ती महंगाई पर नियंत्रण के लिए ठोस कदम उठाए जाएं तथा विदेशों में फंसे भारतीय नागरिकों की सुरक्षित और शीघ्र वापसी सुनिश्चित की जाए। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता शिवशंकर मेनारिया ने बताया कि इस अवसर पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सुरेश श्रीमाली, पूर्व विधायक त्रिलोक पुर्बिया, प्रदेश महासचिव पंकज शर्मा, संगठन महामंत्री अरुण टाँक, बी ब्लॉक अध्यक्ष अजय सिंह, शहर उपाध्यक्ष राजीव सुवालका, खूबी लाल मेनारिया, दलपत सिंह चुंडावत, मोहम्मद अयूब, दीपक सुखाड़िया, सुधीर जोशी, दीपक व्यास, लोकेश चौधरी, महासचिव मोहसिन खान, सुनील रॉजर्स, तीर्थ सिंह खेरलिया, चंदा सुवालका, जय निमावत, सचिव यशवंत राजोरा, बबलू टाँक, सुरेश सोलंकी, अमित श्रीवास्तव, पंकज पोखरना, महिमा चुग, माया सुराणा, मंडल अध्यक्ष ऋतुसराज मिश्रा, अमित सुवालका, मयंक खमेसरा, सत्यनारायण टाँक, शहर जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष तारिक भानु प्रताप सिंह, पार्षद हिदायतुल्लाह, शंकर, गौरव प्रताप सिंह, नेहा कुमावत, मोनिका गुर्जर, कांग्रेस नेता रियाज हुसैन, हरीश शर्मा, भगवती लाल साहू, पंकज सुखवाल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन, आम नागरिक और फूड व्यवसाय से जुड़े संचालक उपस्थित रहे।

समाचार भेजने के लिए हमारी मेल आई-डी पर संपर्क करें -

desk24newsupdate@gmail.com

संपादकीय : चुनौतियों का दायरा

दुनिया भर में युद्ध सैन्य मोर्चों पर लड़े जाते रहे हैं, लेकिन उसकी आंच में आम लोग झुलसते हैं। ईरान पर इजराइल और अमेरिका के साझा हमले के बाद इस युद्ध का दायरा जिस स्वरूप में फैला है, उसका असर अब आशंका के अनुरूप सामने आना शुरू हो चुका है। समस्या यह है कि दुनिया के ज्यादातर देश आमतौर पर हर समय इतनी पूर्व सावधानी नहीं बरतते हैं कि युद्ध से उपजी आपात स्थिति से निपटने के लिए जरूरी उपायों को लेकर अपनी ओर से अगले कई महीनों के लिए पूरी तैयारी रखें कई बार अचानक पैदा होने वाले हालात में पहले आपूर्ति का मोर्चा बाधित होता है। उसके बाद आम लोगों के जीवन-बसर के लिए अनिवार्य चीजों की कमी शुरू हो जाती है और फिर उसका असर बाहर भी दिखने लगता है, जिसमें लोगों के बीच रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने की समस्या को लेकर चिंता ज्यादा बढ़ जाती है। इजराइल और अमेरिका के ईरान पर हमले के दस दिन बाद कई देशों में लगभग यही स्थिति बन रही है। जहां तक भारत का सवाल है, तो जब से ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते को रोका है, तब से तेल टैंकरों की आवाजाही और गैस की आपूर्ति भी व्यापक रूप से बाधित हुई है। इसके अलावा, ईरान ने जवाबी हमले के तौर पर जिस तरह खाड़ी के कई देशों के तेल रिफाइनरियों पर हमले किए, उसके बाद कच्चे तेल का संकट ज्यादा गहरा गया है। हालांकि होर्मुज मार्ग पर ईरान के रुख के बाद यह साफ हो गया था कि अगर यह युद्ध थोड़ा लंबा खिंचा, तो दुनिया के कई देश इससे बुरी तरह प्रभावित होंगे। तेल और गैस के अभाव की वजह से न सिर्फ आम जनजीवन में अफरा- तफरी पैदा होगी, बल्कि बड़े पैमाने पर आर्थिक संकट खड़ा होगा । इसी क्रम में भारत में अब यह साफ दिखने लगा है। कि अगर सरकार की ओर से जल्दी ही कोई उपयुक्त कदम नहीं उठाए गए, तो स्थिति जटिल हो सकती है। दरअसल, युद्ध की आंच अब भारत में रसोईघरों और व्यापार तक पहुंचनी शुरू हो गई है। एलएनजी यानी तरल प्राकृतिक गैस और एलपीजी यानी तरल पेट्रोलियम गैस के मामले में भारत आमतौर पर आयात पर निर्भर रहा है। यही वजह है कि होमुंज समुद्री रास्ते से तेल टैंकरों की आवाजाही बाधित होने के बाद भारत में अब एलपीजी की किल्लत का खतरा मंडराने लगा है और कई राज्यों में रेस्तरां तथा होटलों को वाणिज्यिक एलपीजी की आपूर्ति में मुश्किल शुरू हो गई है। साथ ही बाजार में खाने-पीने की चीजों से लेकर अन्य सामान की कीमतों में इजाफे की रफ्तार तेज हो गई है। असली समस्या रसोई गैस और अन्य सामान की आपूर्ति है, जिसमें भारी कमी की वजह से लोगों के बीच अफरा-तफरी का माहौल बन रहा है। हालत यह है कि आने वाले दिनों में संकट गहराने की आशंका से ज्यादातर लोग एहतियातन एलपीजी सहित अन्य सामान लेने के लिए कतारों में खड़े दिखने लगे हैं। एक ओर जरूरत से ज्यादा खरीदारी और दूसरी ओर कारोबारियों की अवैध जमाखोरी या भंडारण की वजह से कालाबाजारी और महंगाई जैसे संकट के मद्देनजर सरकार को आवश्यक वस्तु अधिनियम लागू करना पड़ा है। मगर यह सुनिश्चित करना भी सरकार की जिम्मेदारी है कि रसोई गैस या परिवहन इस हद तक नियंत्रित न हों कि इससे रोजमर्रा की अनिवार्य गतिविधियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़े। यह भी देखने की जरूरत होगी कि अगर जरूरी वस्तुओं की कमी का संकट गहराया, तो वैकल्पिक स्रोतों से उसे कै से पूरा किया जाएगा।

लापरवाही की परीक्षा

पिछले कुछ समय से हर क्षेत्र में डिजिटल प्रणाली को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसे पारदर्शिता और विश्वसनीयता का एक उपयोगी माध्यम भी बताया जाता है। मगर हाल ही में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की बारहवीं कक्षा के गणित के प्रश्नपत्र में छपे एक क्यूआर कोड से परीक्षा से संबंधित जरूरी जानकारियों के बजाय ब्रिटेन के गायक रिक एस्टली के एक चर्चित गीत का वीडियो स्कूल जाने से कई सवाल उठे हैं। बीते नौ मार्च को हुई इस परीक्षा के बाद प्रश्नपत्र की तस्वीरें चर्चा में आईं, तो स्वाभाविक रूप से इसको लेकर चिंता जताई गई। क्यूआर कोड में किसी गीत का वीडियो खुलना निस्संदेह लापरवाही का ही सकित देता है। सवाल है कि समूचे प्रश्नपत्र को तैयार करते हुए जिस तरह हर बिंदुओं का ध्यान रखा जाता है, संबंधित क्यूआर कोड को लेकर भी सावधानी बरतना और जारी करने से पहले उसे एक बार जांच लेना जरूरी क्यों नहीं समझा गया । हालांकि मामले के तूल पकड़ने के बाद सीबीएसई ने सफाई दी कि प्रश्नपत्र की सुरक्षा में सेंध नहीं लगी है। मगर क्या सीबीएसई इस बात से इनकार कर सकती है कि प्रश्नपत्र में क्यूआर कोड के मामले में जिस तरह की लापरवाही बरती गई, उसकी वजह से सुरक्षा में सेंध लग सकती है? गौर करने वाली बात है कि परीक्षा देने गए विद्यार्थियों के सामने जब ऐसी स्थिति पैदा हुई होगी, तब उनकी क्या मनःस्थिति रही होगी ? आमतौर पर क्यूआर कोड के उपयोग के बाद इसमें किसी भी तरह की गलती की गुंजाइश नहीं होती। अब इस समूचे मसले के सार्वजनिक चर्चा में आने के बाद परीक्षा के आयोजन और उसकी प्रक्रिया की विश्वसनीयता पर भी सवाल उठे हैं। एक ओर डिजिटल इंडिया के नारे के समांतर ज्यादातर क्षेत्रों में क्यूआर कोड के उपयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है, वहीं इसमें बरती जाने वाली लापरवाही से लेकर इसके बेजा इस्तेमाल के बढ़ते मामले भी चिंताजनक हैं। ऐसी घटनाएं क्यूआर कोड की विश्वसनीयता पर भी सवाल उठाती हैं और इसके उपयोग के संबंध में पर्याप्त सजगता, प्रशिक्षण और सावधानी के तकाजे को रेखांकित करती हैं।

बकरियां चरा रहे एक युवक पर पैंथरों के झुंड ने किया हमला, गंभीर हालत में उदयपुर रेफर



24 न्यूज अपडेट

गोगुंदा। उदयपुर जिले के गोगुंदा क्षेत्र में मानव-वन्यजीव संघर्ष का एक और चिंताजनक मामला सामने आया है। मोडी ग्राम पंचायत के कांकण का गुड़ा के लाम क्षेत्र में बुधवार शाम जंगल में बकरियां चरा रहे एक युवक पर पैंथरों के झुंड ने हमला कर दिया। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद उदयपुर के जिला अस्पताल रेफर करना पड़ा। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। कांकण का गुड़ा निवासी लोगर लाल गमेती, पुत्र भैरा गमेती, रोज की तरह जंगल में बकरियां चरा रहा था। इसी दौरान अचानक एक पैंथर ने उस पर झपट्टा मारते हुए सिर पर तेज पंजा मारा, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जा रहा है कि उसी समय दो अन्य पैंथर भी उसके पीछे दौड़ पड़े। अचानक हुए हमले से युवक घबरा गया और जोर-जोर से मदद के लिए चिल्लाने लगा। युवक की चीख-पुकार सुनकर आसपास मवेशी चरा रहे ग्रामीण मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों की भीड़ और शोरगुल देखकर पैंथर जंगल की ओर भाग निकले। हमले में लोगर लाल के सिर पर गहरे नाखून लगने से वह लहूलुहान हो गया था। ग्रामीणों ने घायल युवक को तुरंत गोगुंदा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया। हालत गंभीर होने के कारण उसे आगे उपचार के लिए एमबी अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही मोडी ग्राम पंचायत के उप सरपंच प्रहलाद सिंह झाला ने वन विभाग को जानकारी दी। ग्रामीणों ने वन विभाग से क्षेत्र में पिंजरा लगाकर पैंथरों को पकड़ने और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कुछ समय से इलाके में पैंथरों के जोड़े और उनके शावकों की आवाजाही लगातार देखी जा रही है, जिससे लोगों में भय का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों ने कहा कि करीब चार वर्ष पहले इसी क्षेत्र में वृद्धा नवलीबाई गमेती को भी पैंथर ने अपना शिकार बना लिया था। बावजूद इसके, परिजनों को आज तक सरकारी मुआवजा नहीं मिला है। परिजन कई बार गोगुंदा एसडीएम, जिला प्रशासन और वन विभाग के अधिकारियों के साथ जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन दे चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है।

साकरोदा बीपीसीएल प्लांट पहुंचे कलेक्टर नमित मेहता, बोले-घबराएं नहीं, जिले में सिलेंडरों का पर्याप्त स्टॉक



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 12 मार्च। मध्यपूर्व एशिया में जारी युद्ध की पृष्ठभूमि और वैश्विक ऊर्जा बाजार में उठापटक के बीच झीलों की नगरी उदयपुर में प्रशासन ने रसोई गैस आपूर्ति को लेकर सतर्कता बढ़ा दी है। इसी कड़ी में गुरुवार को जिला कलेक्टर नमित मेहता ने साकरोदा स्थित भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) के एलपीजी गैस प्लांट का औचक निरीक्षण कर जिले में गैस की मांग-आपूर्ति, भंडारण क्षमता और वितरण व्यवस्था की गहन समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कलेक्टर को बताया कि जिले में घरेलू रसोई गैस की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है और उपभोक्ताओं की जरूरत के अनुसार सिलेंडरों की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। गैस वितरण की प्रक्रिया निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के तहत संचालित हो रही है, जिससे किसी भी प्रकार की बाधा या कमी की स्थिति नहीं है। कलेक्टर मेहता ने प्लांट परिसर का निरीक्षण करते हुए भंडारण टैंक, सुरक्षा व्यवस्थाओं और सिलेंडर भराई प्रक्रिया का भी जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सुरक्षा मानकों और गुणवत्ता प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन किया जाए तथा आपूर्ति श्रृंखला की लगातार मॉनिटरिंग की जाए, ताकि किसी भी परिस्थिति में उपभोक्ताओं को परेशानी न हो। कलेक्टर ने स्पष्ट संदेश देते हुए कहा कि जिले में गैस की उपलब्धता पर्याप्त है और आमजन को किसी भी प्रकार की अफवाहों या घबराहट में आने की आवश्यकता नहीं है। प्रशासन और संबंधित एजेंसियां लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं।

25 दिन से पहले गैस बुकिंग नहीं

जिला रसद विभाग ने बताया कि घरेलू गैस उपभोक्ताओं के लिए सिलेंडर बुकिंग के बीच न्यूनतम 25 दिन का अंतराल निर्धारित किया गया है। उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि निर्धारित अवधि पूरी होने के बाद ही नई बुकिंग कराएं, ताकि वितरण व्यवस्था सुचारू बनी रहे।

जरूरी संस्थानों को निर्बाध आपूर्ति

विभाग के अनुसार व्यावसायिक गैस सिलेंडरों की आपूर्ति फिलहाल नियंत्रित रखी गई है, लेकिन अस्पतालों, छात्रावासों, शिक्षण संस्थानों और मिड-डे मील जैसी आवश्यक सेवाओं को पहले की तरह गैस उपलब्ध कराई जाती रहेगी, जिससे जरूरी सेवाएं प्रभावित न हों।

जिले में तीनों कंपनियों का पर्याप्त स्टॉक

अधिकारियों ने बताया कि जिले में हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के पास घरेलू गैस सिलेंडरों का पर्याप्त भंडार मौजूद है।

शिकायत के लिए कंट्रोल रूम सक्रिय

गैस आपूर्ति को सुचारू बनाए रखने और कालाबाजारी रोकने के लिए जिला स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। उपभोक्ता गैस संबंधी किसी भी समस्या की जानकारी 0294-2414620 पर दे सकते हैं। अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि घरेलू सिलेंडरों का अवैध भंडारण, कालाबाजारी या व्यावसायिक उपयोग पाए जाने पर आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान रसद विभाग के अधिकारी भी उपस्थित रहे और कलेक्टर को जिले की गैस आपूर्ति व्यवस्था की विस्तृत जानकारी दी।

दिल्ली की घटना पर उदयपुर में रोषः तरुण खटीक की मौत मामले में राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। दिल्ली में होली के दौरान रंग भरे गुब्बारे को लेकर हुए विवाद में युवक तरुण खटीक की कथित पीट-पीटकर हत्या के मामले को लेकर खटीक समाज में गहरा आक्रोश देखने को मिल रहा है। इस घटना के विरोध में उदयपुर स्थित श्री खटीक समाज राष्ट्रीय एकता मंच ने देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को ज्ञापन भेजकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया कि होली के दिन रंग से भरा गुब्बारा एक महिला पर गिरने के बाद विवाद बढ़ गया। आरोप है कि इसके बाद कुछ लोगों ने युवक तरुण खटीक के साथ बेरहमी से मारपीट की, जिससे उसकी मौत हो गई। समाज के प्रतिनिधियों ने इस घटना को अमानवीय बताते हुए मामले की निष्पक्ष और त्वरित जांच कराने, आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने तथा दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की मांग की है। मंच ने पीड़ित परिवार को एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता, पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की भी मांग उठाई है। मंच के अध्यक्ष शंकरलाल खटीक (चौहान) ने चेतावनी दी कि यदि मामले में जल्द न्याय नहीं मिला तो समाज उग्र आंदोलन के लिए मजबूर होगा। ज्ञापन देने वालों में राष्ट्रीय महासचिव सीपी चौहान, राष्ट्रीय सचिव रतन खीची, मोहन डीडवानिया, प्यार चंद्र बोलीवाल, राजेश बागड़ी, मोतीलाल, सुहिल सेमल (जिला महामंत्री, राजसमंद), दुर्गाशंकर बोलीवाल, भगवती लाल सायरा, रवि डीडवानिया (जिला युवा अध्यक्ष, राजसमंद), विनोद सायरा, रमेश करदा, अशोक खटीक घोड़च, मुरली चौहान थूर, भुवन दायमा सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

फिरोज़ खान अब्बासी बने प्रदेश सचिव, कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। फिरोज़ खान अब्बासी को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अल्पसंख्यक विभाग में प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी द्वारा की गई। इस नियुक्ति पर उदयपुर सहित कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समाज के लोगों में खुशी की लहर देखी जा रही है। नवनियुक्त प्रदेश सचिव फिरोज़ खान अब्बासी ने इस अवसर पर राहुल गांधी (लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष), मल्लिकार्जुन खड़गे (राष्ट्रीय अध्यक्ष, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस), इमरान प्रतापगढ़ी (राष्ट्रीय अध्यक्ष, कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग एवं राज्यसभा सांसद), एम.डी. चौपदार (प्रदेश अध्यक्ष, राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग), रियाज़ हुसैन (पूर्व पार्षद, पूर्व उपाध्यक्ष, उदयपुर शहर जिला कांग्रेस कमेटी), मोहम्मद अयूब (पूर्व पार्षद), कादर खान (महासचिव, देहात कांग्रेस कमेटी), मुस्तफा शेख (अंबेडकर मंडल अध्यक्ष) और राशिद खान (पूर्व पार्षद) सहित शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। अब्बासी ने कहा कि पार्टी द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी को वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाएंगे तथा संगठन को मजबूत करने के साथ समाज के मुद्दों को प्रभावी रूप से उठाने का कार्य करेंगे। यह जानकारी एनएसयूआई के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इज़हार हुसैन ने दी।

विद्याभारती संस्थान में तकनीकी व कंप्यूटर शिक्षा सहित अन्य मुद्दों को लेकर हुई चिंतन बैठक



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। विद्या भारती संस्थान उदयपुर जिले की योजना अनुसार गुरुवार को विद्या निकेतन अशोक नगर की चिंतन बैठक रखी गई जिसमें शिशु वाटिका को उन्नत करने, प्रभावी शिक्षण व्यवस्था, तकनीकी शिक्षा, कंप्यूटर शिक्षा व नवीन प्रवेश को लेकर व्यापक विचार विमर्श हुआ। इस चिंतन बैठक में जिले से विद्या भारती संस्थान के सह मंत्री रमेश चंद्र पुरोहित, सहसचिव प्रभात आमेटा तथा कोषाध्यक्ष दीपक गोधा उपस्थित रहे। इस बैठक में मुख्य मुद्दा शिशु वाटिका को उन्नत करना तथा प्रभावी शिक्षण व्यवस्था तकनीकी शिक्षा कंप्यूटर शिक्षा नवीन प्रवेश हेतु पर्याप्त प्रचार प्रसार तथा भामाशाहों के सहयोग से विद्यालय का विकास आदि रहे। इस बैठक में विद्यालय प्रबंध समिति से अध्यक्ष नेत्रपाल, कोषाध्यक्ष कमलेश धुपड़, निर्मल पंडित, विद्यालय के प्रधानाचार्य श्याम लाल शर्मा, खेमराज गमेती, लक्ष्मण गमेती आदि उपस्थित रहे। प्रबंध समिति की बैठक के बाद विद्यालय के अध्यापकों की बैठक रखी गई। अंत में शांति मंत्र के साथ बैठक का समापन हुआ।

दिव्यांग सामूहिक विवाहः सेवा महातीर्थ में सजेंगे दिलों के मिलन के फेरे, जोड़े बसाएंगे नया संसार



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 12 मार्च। नारायण सेवा संस्थान द्वारा आयोजित 45वें दिव्यांग एवं निर्धन निःशुल्क सामूहिक विवाह समारोह की तैयारियां अब अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं। सेवा महातीर्थ (लियों का गुड़ा) स्थित आयोजन स्थल को भव्य पांडाल और आकर्षक सजावट से सजाया गया है। संस्थान की विभिन्न समितियां समारोह को सफल बनाने के लिए लगातार व्यवस्थाओं की समीक्षा कर रही हैं। संस्थान अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल ने बताया कि इस विशेष आयोजन में देशभर से आने वाले 700 से अधिक अतिथियों के शामिल होने की संभावना है। समारोह के सुचारू संचालन के लिए स्वागत, भोजन, आवास, परिवहन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों सहित विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए अलग-अलग टीमें बनाई गई हैं। शुक्रवार से शुरू होगा अतिथियों का आगमन समारोह में भाग लेने के लिए देश के विभिन्न राज्यों से भामाशाह, अतिथि और वर-वधुओं के परिजन शुक्रवार से उदयपुर पहुंचना शुरू हो जाएंगे। इसी दिन शाम तक विवाह में शामिल होने वाले सभी जोड़े भी सेवा महातीर्थ पहुंच जाएंगे, जहां उनका पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ स्वागत किया जाएगा। शनिवार को होंगी प्रमुख वैवाहिक रस्में दो दिवसीय इस विवाह महोत्सव में शनिवार को गणपति पूजन के साथ पारंपरिक वैवाहिक रस्मों की शुरुआत होगी। इस दिन हल्दी, मेहंदी सहित अन्य सांस्कृतिक और पारंपरिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें देशभर से आए अतिथि और परिजन भाग लेंगे। पूरे परिसर में उत्सव का माहौल रहेगा और दिव्यांग जोड़ों के जीवन के नए अध्याय की खुशियां मनाई जाएंगी। रविवार को तोरण, वरमाला और सप्तपदी के साथ विवाह रविवार को सभी जोड़े पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ तोरण, वरमाला और सप्तपदी (सात फेरे) की रस्में पूरी कर पवित्र विवाह बंधन में बंधेंगे और अपने नए जीवन की शुरुआत करेंगे।

आरटीई प्रवेश की लॉटरी जारीः 6.34 लाख आवेदनों में तय हुआ बच्चों का क्रम



24 न्यूज अपडेट

जयपुर। राजस्थान में शिक्षा का अधिकार कानून के तहत निजी स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश के लिए गुरुवार को राजधानी जयपुर स्थित शिक्षा संकुल में लॉटरी प्रक्रिया पूरी कर दी गई। इस लॉटरी के जरिए राज्यभर से आए लाखों आवेदनों में छात्रों के प्रवेश की प्राथमिकता तय की गई है। अब अभिभावक अपने बच्चे का क्रम केवल ई-मित्र केंद्र के माध्यम से देख सकेंगे। शिक्षा विभाग के अनुसार इस वर्ष राज्यभर से करीब 6.34 लाख आवेदन प्राप्त हुए हैं। पहले लॉटरी सुबह 11:30 बजे घोषित करने की योजना थी, जिसे बाद में शाम 4 बजे तक स्थगित किया गया, लेकिन तकनीकी प्रक्रिया पूरी होने के बाद दोपहर करीब 1 बजे ही लॉटरी निकाल दी गई और अभिभावकों को सूचना मिलनी शुरू हो गई।

चार कक्षाओं में मिलेगा प्रवेश

इस बार आरटीई के तहत पीपी-3 प्लस, पीपी-4 प्लस, पीपी-5 प्लस और कक्षा पहली में प्रवेश के लिए आवेदन मांगे गए थे। आवेदन प्रक्रिया के दौरान अभिभावकों को अपने बच्चे के लिए अधिकतम पांच निजी स्कूलों का चयन करने का विकल्प दिया गया था। इन श्रेणियों के तहत नर्सरी, एलकेजी, यूकेजी और पहली कक्षा में प्रवेश दिया जाएगा। नियमों के अनुसार नर्सरी कक्षा में निजी स्कूलों की कुल सीटों के 25 प्रतिशत पर आरटीई के तहत प्रवेश दिया जाएगा, जबकि अन्य कक्षाओं में केवल खाली सीटों पर ही एडमिशन होंगे। राज्य में 33 हजार से अधिक निजी स्कूल यू-डाइस के आंकड़ों के अनुसार राजस्थान में लगभग 33 हजार 548 निजी स्कूल संचालित हैं। सरकारी और निजी स्कूलों को मिलाकर राज्य में कुल विद्यालयों की संख्या एक लाख से अधिक है। ऐसे में आरटीई योजना के तहत बड़ी संख्या में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों को निजी स्कूलों में पढ़ने का अवसर मिलता है।

20 फरवरी से शुरू हुई थी प्रक्रिया

शिक्षा विभाग ने आरटीई प्रवेश के लिए 20 फरवरी से ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू की थी, जिसकी अंतिम तिथि 10 मार्च निर्धारित की गई थी। लॉटरी प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब चयनित विद्यार्थियों के प्रवेश की आगे की औपचारिकताएं शुरू होंगी और दस्तावेज सत्यापन के बाद उन्हें संबंधित स्कूलों में दाखिला दिया जाएगा।

फर्जी दस्तावेजों पर सख्ती

इस बार प्रवेश प्रक्रिया में फर्जी दस्तावेजों के उपयोग को लेकर भी सख्ती बरती जा रही है। स्कूल प्रबंधन को चेतावनी दी गई है कि यदि आय प्रमाण पत्र या अन्य दस्तावेज गलत पाए जाते हैं तो संबंधित अभिभावकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई जा सकती है। इसी कारण आवेदन के दौरान पैन कार्ड धारकों से पैन नंबर भी मांगा गया है। ऐसे पूरी होगी प्रवेश प्रक्रिया लॉटरी के बाद अभिभावकों को यह जानकारी दी जा रही है कि उनके द्वारा चुने गए पांच स्कूलों में बच्चे की प्राथमिकता क्या है। अभिभावकों को उन स्कूलों में से ऐसे विद्यालय का चयन करना होगा जहां प्रवेश की संभावना अधिक हो। इसके बाद मूल दस्तावेज स्कूल में जमा कराए जाएंगे और प्रबंधन द्वारा सत्यापन किया जाएगा। यदि बच्चा उसी नगर निगम वार्ड का निवासी है जहां स्कूल स्थित है तो उसे प्राथमिकता के आधार पर प्रवेश मिलेगा। अन्य वार्ड के मामलों में आपत्ति दर्ज कराई जा सकती है, जिसका निस्तारण संबंधित कार्यालय में आवेदन देकर कराया जा सकेगा। चयनित विद्यार्थियों की कक्षाएं 1 अप्रैल से शुरू होने की संभावना है।

डीजीपी श्री राजीव कुमार शर्मा ने की साईबर क्राइम शाखा की समीक्षा, कहा- साईबर क्राइम पर अंकुश लगाने संचार तंत्र को और अधिक सुदृढ़ करें



24 न्यूज अपडेट

जयपुर, 12 मार्च। पुलिस मुख्यालय में गुरुवार को पुलिस महानिदेशक श्री राजीव कुमार शर्मा की अध्यक्षता में साइबर क्राइम शाखा की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में साइबर अपराधों की रोकथाम, त्वरित कार्रवाई और पीड़ितों को शीघ्र सहायता उपलब्ध कराने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई और त्वरित कार्यवाही की दृष्टि से साईबर क्राइम हेल्पलाइन सहित उपलब्ध संचार तंत्र को और अधिक सुदृढ़ कर पीड़ितों को त्वरित राहत देने के निर्देश दिए गए।

बैठक के दौरान डीजीपी शर्मा ने कहा कि साइबर अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए उपलब्ध तंत्र को आई4सी (Indian Cyber Crime Coordination Centre) की तर्ज पर और अधिक सक्रिय व प्रभावी तरीके से काम करना शुरू करना चाहिए। उन्होंने आर4सी की एसओपी और मासिक समीक्षा के लिए बिंदु तय करने के साथ—साथ आवश्यकताओं यथा उपकरण व मानव संसाधन के लिए प्रस्ताव तैयार करने को कहा।

जागरूकता कार्यक्रम चलावें

गत वर्ष चलाएं गए जागरूकता कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए डीजीपी श्री शर्मा ने कहा कि तकनीकी संसाधनों का बेहतर उपयोग कर साइबर अपराधियों पर सख्ती से कार्रवाई की जाए। उन्होंने साइबर अपराधों के प्रति जन—जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रत्येक दूसरे माह अलग—अलग प्रकार के अभियान संचालित करने के भी निर्देश दिए।

मुख्यालय में अब 17 लाइनों से सुनी जाएगी पीड़ितों की समस्या : डीजीपी ने साइबर अपराध पीड़ितों को तुरंत राहत पहुंचाने के लिए हेल्पलाइन नंबर 1930 को और मजबूत बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस मुख्यालय में संचालित हेल्पलाइन नंबर 1930 की लाइनों की संख्या तत्काल प्रभाव से 11 से बढ़ाकर 17 करने के आदेश दिए, साथ ही जरूरत के अनुसार इसकी संख्या और बढ़ाने का सुझाव भी दिया, ताकि पीड़ितों को समय पर सहायता मिल सके। बैठक में डीजी संजय अग्रवाल, एडीजी वी.के.सिंह, डीआईजी कुंवर राष्ट्रदीप व विकास शर्मा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भी साइबर अपराधों की रोकथाम और अनुसंधान प्रक्रिया को और प्रभावी बनाने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए।

महिला सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम में 820 कॉलेजों के विद्यार्थियों ने लिया भाग



24 न्यूज अपडेट

जयपुर, 12 मार्च। पुलिस महानिदेशक श्री राजीव कुमार शर्मा के निर्देशानुसार अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में प्रदेशभर में आयोजित हो रहे विविध कार्यक्रमों की श्रृंखला में गुरुवार को महिला सुरक्षा और जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से राजस्थान पुलिस द्वारा गुरुवार को वर्चुअल माध्यम (Webex) के जरिए एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में राज्यभर के 820 कॉलेजों के हजारों विद्यार्थियों और शिक्षकों ने एक साथ उत्साहपूर्वक भाग लिया और साइबर सुरक्षा तथा नए कानूनों पर विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

कार्यक्रम के दौरान अतिरिक्त महानिदेशक सिविल राईट श्रीमती लता मनोज कुमार ने देवली कॉलेज से जुड़कर विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने युवाओं को महिला सुरक्षा के प्रति संवेदनशील बनने, किसी भी आपात स्थिति में पुलिस से सहायता लेने तथा समाज में सुरक्षा का माहौल बनाने में अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर उन्होंने राजकॉप सिटीजन ऐप का लाइव डेमो भी प्रस्तुत किया और इसके उपयोग के बारे में जानकारी दी।

इस अवसर पर आयुक्त कॉलेज शिक्षा डॉ. ओमप्रकाश बैरवा ने भी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ युवाओं को सामाजिक जिम्मेदारी निभाने और महिला सम्मान को बढ़ावा देने में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने राजस्थान पुलिस की इस पहल का पूरा—पूरा लाभ लेने और समस्त विद्यार्थियों को राजकॉप सिटीजन एप को डाउनलोड करते हुए आपदा स्थितियों में लाभ उठाने की अपील की।

कार्यक्रम में डीआईजी साइबर क्राइम श्री विकास कुमार ने साइबर सुरक्षा विषय पर विस्तृत प्रेजेंटेशन देते हुए विद्यार्थियों को ऑनलाइन ठगी, साइबर अपराधों के नए तरीकों तथा उनसे बचाव के प्रभावी उपायों के बारे में जानकारी दी। वहीं डीआईजी अपराध शाखा श्री दीपक भार्गव ने नवीन न्याय संहिता तथा महिला सुरक्षा से संबंधित कानूनी प्रावधानों पर प्रस्तुति देकर विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण कानूनी जानकारी प्रदान की।

कार्यक्रम का संचालन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कम्युनिटी पुलिसिंग श्रीमती सुनीता मीणा द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने सक्रियता से भाग लेते हुए विभिन्न विषयों पर अपनी जिज्ञासाएं भी साझा कीं।

एडीजी लता मनोज कुमार ने बताया कि राजस्थान पुलिस द्वारा इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं में सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा सुरक्षित और संवेदनशील समाज के निर्माण की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

चेटीचंड महोत्सव पर फतेहसागर में 'सिंधी वॉकाथॉन 2.0' 15 को, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का देंगे संदेश



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर में सिंधी समाज के आराध्य भगवान झूलेलाल के पावन जन्मोत्सव चेटीचंड के उपलक्ष्य में भव्य "सिंधी वॉकाथॉन 2.0" का आयोजन किया जाएगा। समाज की एकता, उत्साह और सामाजिक जागरूकता को प्रदर्शित करने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम 15 मार्च 2026, रविवार को प्रातः 6 बजे फतेहसागर झील क्षेत्र में आयोजित होगा। इस संबंध में शक्तिनगर स्थित कार्यालय में समाज के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित कर कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा तय की गई तथा विभिन्न समितियों का गठन किया गया। कार्यक्रम के संयोजक संजय खथूरिया और कपिल नाचानी ने बताया कि शहर के विभिन्न सिंधी संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस वॉकाथॉन की शुरुआत फतेहसागर से होगी और लगभग 1.5 किलोमीटर की सामूहिक वॉक करते हुए प्रतिभागी फतेहसागर पाल तक पहुंचेंगे। इस आयोजन में सिंधी समाज के महिला-पुरुष, युवा, बच्चे और वरिष्ठजन बड़ी संख्या में भाग लेंगे। संगठन के शैलेश कटारिया ने बताया कि वॉकाथॉन का शुभारंभ वासुदेव देवनानी (राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष) हरी झंडी दिखाकर करेंगे। उनके सान्निध्य में यह आयोजन समाज के लिए विशेष महत्व रखेगा। सतीश वाधवानी ने बताया कि पिछले वर्ष आयोजित वॉकाथॉन में सुबह 6 बजे ही बड़ी संख्या में सिंधी समाज की भागीदारी ने शहरवासियों को आश्चर्यचकित कर दिया था। समाजजनों के उत्साह और सहयोग से कार्यक्रम बेहद सफल रहा था। इसी उत्साह को देखते हुए इस वर्ष आयोजन को और अधिक भव्य और सुव्यवस्थित बनाया जा रहा है। संगठन के मुकेश गखरेजा ने बताया कि वॉकाथॉन की विशेषता यह रहेगी कि सभी प्रतिभागी एक समान रंग की टी-शर्ट और कैप पहनकर शामिल होंगे, जिससे समाज की एकजुटता का आकर्षक दृश्य देखने को मिलेगा। इसके माध्यम से सिंधी संस्कृति, परंपरा और सामाजिक सद्भाव का संदेश भी दिया जाएगा।

वहीं अमन असनानी ने बताया कि इस बार वॉकाथॉन को सामाजिक जागरूकता से भी जोड़ा गया है। आयोजन के दौरान इलेक्ट्रिक वाहन के माध्यम से "स्वच्छ उदयपुर" और "झीलों को बचाओ" का संदेश शहरवासियों तक पहुंचाया जाएगा। साथ ही पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पौधों का वितरण भी किया जाएगा। कार्यक्रम के समापन पर आयुष अरोड़ा प्रतिभागियों के लिए जुंबा एक्सरसाइज कराएंगे, जिससे वॉकाथॉन के बाद सभी उत्साहपूर्वक इस गतिविधि का आनंद ले सकेंगे। इसके बाद प्रतिभागियों के लिए अल्पाहार की व्यवस्था भी की जाएगी।

जनविरोधी नीतियों के खिलाफ 24 मार्च की रैली के लिए जनजागरण, सायरा में तहसीलदार का घेराव



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 12 मार्च। भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) (सीपीएम) की ओर से जनविरोधी नीतियों के खिलाफ चलाए जा रहे प्रदेशव्यापी अभियान के तहत गुरुवार को उदयपुर से दूसरे जनसंघर्ष जत्थे का भारी जनसमर्थन के बीच आगाज हुआ। "24 मार्च को दिल्ली चलो" के नारों के साथ निकला यह जत्था गांव-गांव जाकर जनजागरण करते हुए नई दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाली रैली तक पहुंचेगा। जत्थे का नेतृत्व पार्टी की वरिष्ठ नेता बृंदा करात, राज्य सचिव किशन पारीक, राज्य सचिव मंडल सदस्य दुलीचंद मीणा और जिला सचिव राजेश सिंघवी कर रहे हैं। जत्थे ने सायरा तहसील के कोविया, बग्गा, बोखाडा, बागड़ और काम्बा गांवों में सभाएं आयोजित कर केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ आवाज बुलंद की। इस दौरान सायरा तहसील मुख्यालय पर प्रदर्शन कर तहसीलदार का घेराव किया गया और वनाधिकार पट्टे जारी करने सहित स्थानीय मांगों को लेकर प्रशासन को चेतावनी दी गई।

मनरेगा, बिजली निजीकरण और बीज कानून पर विरोध

सभाओं को संबोधित करते हुए दुलीचंद मीणा ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार मनरेगा कानून में बदलाव कर रोजगार गारंटी कमजोर करने, बिजली क्षेत्र के निजीकरण और बीज अधिनियम के जरिए किसानों को बहुराष्ट्रीय कंपनियों से बीज खरीदने के लिए बाध्य करने की दिशा में काम कर रही है। उन्होंने कहा कि इन नीतियों का सबसे ज्यादा असर आदिवासी समुदाय पर पड़ रहा है। राज्य सचिव किशन पारीक ने कहा कि किसान, मजदूर, छात्र और नौजवान बड़ी संख्या में संघर्ष जत्थे से जुड़ रहे हैं और 24 मार्च को दिल्ली में होने वाली विशाल रैली में भाग लेंगे।

आदिवासी अधिकारों की लड़ाई जारी रहेगी

जिला सचिव राजेश सिंघवी ने कहा कि गोगुंदा और सायरा क्षेत्र में मार्क्सवादी पार्टी ने हमेशा आदिवासी समुदाय के जल, जंगल और जमीन के अधिकारों के लिए संघर्ष किया है और वनाधिकार पट्टों के लिए सड़क से संसद तक आवाज उठाई है। सायरा पार्टी सचिव श्रवण कुमार ने कहा कि आदिवासी समुदाय को जंगल से लकड़ी तक लेने में रोक-टोक का सामना करना पड़ता है, जबकि क्षेत्र में शिक्षा, रोजगार, पानी और सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं का भी अभाव है।

संसाधनों पर बढ़ता असमान नियंत्रण

वरिष्ठ नेता बृंदा करात ने अपने संबोधन में कहा कि आदिवासी समुदाय के प्राकृतिक संसाधनों को बड़े पूंजीपतियों के हाथों में सौंपा जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि वनाधिकार कानून का सही क्रियान्वयन नहीं हो रहा और आदिवासी क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं की कमी के बावजूद विकास के बड़े दावे किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि संघर्ष जत्था गांव-गांव जाकर जनता के मुद्दों को उठाएगा और 24 मार्च को दिल्ली में आयोजित होने वाली आमसभा के जरिए केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ व्यापक आंदोलन का संदेश देगा।

पुलिसकर्मियों के स्वास्थ्य की दिशा में बड़ा कदमः आरएसी में लगा मेगा सुपर स्पेशियलिटी हेल्थ कैंप



24 न्यूज अपडेट

जयपुर 12 मार्च। महानिदेशक पुलिस श्री राजीव कुमार शर्मा के निर्देशों की कड़ी में गुरुवार को जयपुर के चैनपुरा स्थित 4th बटालियन आरएसी में एक विशाल सुपर स्पेशिलिटी चिकित्सा परामर्श एवं जांच शिविर' संपन्न हुआ, जिसमें 13वीं बटालियन आरएसी के कार्मिकों ने भी भाग लिया।

पुलिस मुख्यालय में पूर्व में आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में डीजीपी श्री राजीव कुमार शर्मा और एडीजी आयोजना एवं कल्याण डॉ. प्रशाखा माथुर ने स्पष्ट किया था कि पुलिसकर्मियों की सेहत से कोई समझौता नहीं होगा। विशेष रूप से 40 वर्ष से अधिक आयु के कार्मिकों के लिए मासिक और वार्षिक स्वास्थ्य परीक्षण को अनिवार्य कर दिया गया है। इस पूरी प्रक्रिया की सघन मॉनिटरिंग और डेटा संकलन की जिम्मेदारी डॉ. सुनील पुनिया (नोडल अधिकारी, पुलिस मुख्यालय) को सौंपी गई है, ताकि हर जवान की सेहत का रिकॉर्ड डिजिटल रूप से सुरक्षित रहे।

महिला दिवस के उपलक्ष्य में विशेष आयोजन पूर्व में जोधपुर, अजमेर और बीकानेर जिला मुख्यालयों में स्वास्थ्य परीक्षण कैम्प लगाए जा चुके है। महिला दिवस के उपलक्ष में गुरुवार 12 मार्च को जयपुर स्थित राजस्थान पुलिस अकादमी तथा 4th बटालियन आरएसी में स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया। चैनपुरा स्थित शिविर में जेएनयू सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल, जगतपुरा के विख्यात विशेषज्ञों ने अपनी सेवाएँ प्रदान कीं।

एक ही छत के नीचे सुपर स्पेशिलिटी परामर्श

जेएनयू हॉस्पिटल के सहयोग से आयोजित इस मेगा कैंप में गंभीर रोगों से लेकर सामान्य विकारों तक का गहन परीक्षण किया गया। शिविर की मुख्य विशेषताएँ इस प्रकार रहीं:

* विशेषज्ञ परामर्शः डॉ. प्रकाश केसवानी (डायबिटोलोजिस्ट एवं इण्डोक्राईनोलोजिस्ट) सहित सर्जन, प्रसूति व स्त्री रोग, हड्डी व जोड़ प्रत्यारोपण, नेत्र रोग, ईएनटी, मनोरोग और जनरल फिजिशियन एवं फिजियोथेरेपी के विशेषज्ञों ने परामर्श दिया।

* निःशुल्क जाँचेंः शिविर में लिपिड प्रोफाइल, थायराइड, ब्लड शुगर और हेपेटाइटिस-बी जैसी महत्वपूर्ण जाँचें की गईं।

* महिला स्वास्थ्य पर फोकसः महिला पुलिसकर्मियों और परिजनों के लिए सर्वाइकल कैंसर की विशेष निःशुल्क स्क्रीनिंग की गई।

400 से अधिक पुलिस परिवार हुए लाभान्वित

अतिरिक्त निदेशक स्वास्थ्य और नोडल अधिकारी डॉ. सुनील पूनियां ने बताया कि इस शिविर में लगभग 400 से अधिक पुलिसकर्मियों और उनके परिजनों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण करवाया। डॉ. पूनियां ने कहा कि इस तरह के आयोजनों का मुख्य उद्देश्य पुलिस बल में मानसिक तनाव को कम करना और उन्हें एक स्वस्थ जीवनशैली के लिए प्रोत्साहित करना है।

भाई साहब के ब्रह्मास्त्र के बाद किशन मेघवाल की बात पहुंची दिल्ली दरबार



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। उदयपुर फाइल्स के बाद चले भाई साहब के ब्रह्मास्त्र से मची मारकाट का असर अब धीरे धीरे कम होता नजर आ रहा है। फाइल्स को वक्त की कब्र में दफन करने और गड़े मुर्दों के कभी भी वापस नहीं आने के बंदोबस्त के बीच खबर ये है कि किशन मेघवाल प्रकरण की गूंज अब दिल्ली दरबार तक पहुंच गई है। वहां से जल्दी ही उदयपुर में एक दूसरे पर तलवार ताने खड़े गुटों को अपनी हदों में रहने का संदेसा शीघ्र ही आने की उम्मीद की जा रही है। इस बीच बुजुर्ग के अपहरण में भाजपा नेता किशन मेघवाल का नाम उछलने के बाद की परिस्थितियों में स्पष्ट रूप से दो धड़े बन गए हैं जिसमें एक धड़ा मेघवाल के पक्ष में है और आला कमान से साफ—साफ कह रहा है कि भाई साहब के दबाव में मेघवाल की पॉलिटिकल रिमांड बार—बार ली जा रही है। जरूरत से ज्यादा मीडिया प्रोजेक्शन करते हुए बार बार नाम उछाला जा रहा है। निगेटिव शेड में पेंड करते हुए पूरे संगठन की बैंड बजाई जा रही है। यही हाल रहा तो आगे चुनावों में बैंड ना बज जाए इसकी तैयारी अभी से करनी होगी। मिले सुर तेरा तुम्हारा की स्थितियों को फिर से तैयार करने के लिए जयपुर के बाद अब दिल्ली के स्तर पर मंथन किया जा रहा है। उदयपुर फाइल्स का घनघोर अंधेरा छंटने बाद अब पार्टी में ही अब एक नया आंतरिक संघर्ष शुरू हुआ है जिसमें नई तरह से नई पावर इक्वेशन और खींचतान के बीच एक नया लेवल ओफ कंफर्ट तैयार किया जाना तय माना जा रहा है। ओल्ड गार्ड अपना पूरा जोर लगाने के बाद भी अब तक उन लोगों को पनिशमेंट नहीं दिलवा पाए हैं जिनका नाम आरोपियों की लिस्ट में शामिल था। जिनका नाम पब्लिक की जुबां पर है और जो रोज विभिन्न मंचों पर देखे भी जा रहे हैं। बहरहाल किशन मेघवाल जैसे दिखने वाले शख्स का पुलिस के साथ रात के सन्नाटे में पाया जाना और उसके बाद रामलाल अपहरण मामले में भी उनका नाम आना डबल सेटबेक माना जा रहा था। मगर अब इसका उल्टा असर भी होता हुआ दिखाई दे रहा है। किसी एक को टार्गेट करने पर पूरा का पूरा एक ग्रुप नाराज हो गया है और वो पूरी तैयारी के साथ मैदान में उतर आया है। ग्रुप का कहना है काम करने वालों, काम आने वालों और पार्टी के लिए जान छिड़कने वालों के प्रति अंदरखाने इस तरह का बर्ताव अब सहन नहीं किया जाएगा। छोटे स्तर पर जो घेराबंदी हो रही है। सूचनाओं का मीडिया—भोज करवाया जा रहा है वह अब हद पार कर चुका है। किशन मेघवाल से आज हमने बात की तो उनका कहना था कि मामलों से उनका वास्ता ही नहीं है। रामलाल प्रकरण में ना तो आरोपी हैं, ना उनका एफआईआर में नाम है। पुलिस ने भी अब तक जांच के लिए ना नाम लिया है ना बुलाया है। किसी आरोपी ने किसी के सामने नाम लिया है तो उसका वे क्या कर सकते हैं। न्यायालय की दहलीज पर सब दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। मेघवाल बोले कि मैं पीडित के साथ खड़ा हूं। जो दोशी हैं पनिशमेंट मिलना ही चाहिए। पीडित ने भी मेरा नाम नहीं बोला है केवल मीडिया हाइप की जा रही है जो लगभग मानहानिकारक हैं।

यह था मामला

आपको बता दें कि बड़गांव थाना क्षेत्र में बुजुर्ग के अपहरण के मामले में 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। कुछ मीडिया रिपोर्ट में कहा गया कि सायरा नांदेश्मा निवासी भाजपा नेता किशन मेघवाल और गोगुंदा के सुवावतों का गुड़ा निवासी सुरेश मेघवाल के कहने पर रामलाल का अपहरण किया गया। सभी आरोपी गिरोह बनाकर लंबे समय से अनपढ़ व भोलेभाले लोगों की जमीन हड़पने का काम कर रहे हैं। रजिस्ट्री कराने के लिए दस्तावेज तैयार करवा लिए। फिर रामलाल 8 मार्च को ब्रेजा कार में अपहरण कर ले गए। मेघवाल का इस बात पर कहना है कि घटना के वक्त वे मैं शहर में नहीं थे। जिस दिन घटना हुई, वे निजी काम से दिल्ली गए थे। राजनीतिक द्वेषता के चलते कुछ लोग छवि खराब करने की साजिश रच रहे हैं।

आदिनाथ जयंती पर भव्य शोभायात्रा

24 तीर्थंकरों की झांकियों ने दिया धर्म और सामाजिक संदेश, महावीर चैत्यालय युवा परिषद के पदाधिकारियों की रही सक्रिय भागीदारी



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। झीलों की नगरी उदयपुर में गुरुवार को भगवान आदिनाथ जयंती के अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें छह हजार से अधिक श्रद्धालुओं की आस्था उमड़ पड़ी। बैंड की मधुर धुनों के बीच निकले जुलूस में धर्मप्रेमियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शोभायात्रा में 24 तीर्थंकरों की आकर्षक झांकियां सजाई गईं, जिनके माध्यम से धार्मिक और सामाजिक संदेश दिए गए। शोभायात्रा टाउन हॉल से रवाना होकर शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए पुनः टाउन हॉल पहुंची। जुलूस में बच्चों, युवाओं और महिलाओं की उल्लेखनीय भागीदारी देखने को मिली। इस अवसर पर महावीर चैत्याचल युवा परिषद के पदाधिकारियों और युवाओं ने श्रद्धालुओं के लिए ठंडाई वितरण की व्यवस्था की। कार्यक्रम में परिषद के परम संरक्षक महेंद्र टाया, अध्यक्ष पारस सिंघवी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश टाया तथा महामंत्री राजेंद्र अखावत ने युवाओं का उत्साहवर्धन करते हुए आयोजन की सराहना की। अध्यक्ष पारस सिंघवी ने बताया कि पिछले दस वर्षों से भगवान आदिनाथ की जयंती पर यह धार्मिक आयोजन धूमधाम से किया जा रहा है और हर वर्ष समाजजनों का उत्साह और भागीदारी लगातार बढ़ रही है। आदिनाथ जयंती प्रथमेश 2026 के अंतर्गत भव्य शोभायात्रा में पुरुष सदस्यों ने सफेद शर्ट-पैंट और सफेद कुर्ता-पायजामा तथा महिला सदस्यों से लाल चुनरी व या केसरिया साड़ी पहनकर सामाजिक एकता व भव्यता का संदेश दिया।

श्रमण भगवान महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव के 20 दिवसीय आयोजन का आगाज



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 12 मार्च। झीलों की नगरी उदयपुर में सकल जैन समाज की प्रतिनिधि संस्था महावीर जैन परिषद के स्वर्ण जयंती वर्ष में आयोजित होने वाले 20 दिवसीय कार्यक्रमों की श्रृंखला का शुभारंभ गुरुवार को लिखित जैन प्रश्नोत्तरी परीक्षा के साथ हुआ। यह आयोजन भगवान महावीर के जन्मकल्याणक महोत्सव के उपलक्ष्य में किया जा रहा है। परिषद के मुख्य संयोजक राजकुमार फत्तावत ने बताया कि सिख कॉलोनी स्थित बड़ाला क्लासेज में दोपहर 3 बजे आयोजित लिखित परीक्षा में जैन समाज के 756 प्रतिभागियों ने भाग लिया। परीक्षा बोर्ड पैटर्न पर आधारित थी। इसका परिणाम 21 मार्च को घोषित किया जाएगा। विजेताओं को प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान के लिए क्रमशः 11 हजार, 7 हजार और 5 हजार रुपए के नकद पुरस्कार दिए जाएंगे, जबकि 10 प्रतिभागियों को एक-एक हजार रुपए के सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। परिषद के कोषाध्यक्ष कुलदीप नाहर ने बताया कि परीक्षा का शुभारंभ सभी परीक्षार्थियों के सामूहिक नमस्कार महामंत्र के साथ हुआ। साथ ही भगवान ऋषभदेव के जन्म कल्याणक के अवसर पर प्रभु के समक्ष सकल जैन समाज के अध्यक्ष राजकुमार फत्तावत, बड़ाला क्लासेज के निदेशक राहुल बड़ाला, बीजेएस अध्यक्ष दीपक सिंघवी, जेजेसी अध्यक्ष अरूण मेहता, महावीर युवा मंच संस्थान अध्यक्ष अशोक कोठारी, आयोजन सह संयोजक सुधीर चित्तौड़ा और विजयलक्ष्मी गलूंडिया ने माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर परीक्षा का शुभारंभ कराया।

महावीर जैन प्रीमियर लीग शुक्रवार से

बीजेएस यूथ विंग के अध्यक्ष भाविक पोखरना एवं अंजली सुराणा ने बताया कि तीन दिवसीय महावीर जैन प्रीमियर लीग का आयोजन शुक्रवार से होगा। प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग की 30 टीमों के 180 खिलाड़ी और महिला वर्ग की 13 टीमों की 78 खिलाड़ी भाग लेंगी। प्रीमियर लीग में विजेता और उपविजेता टीमों को क्रमशः 51 हजार और 31 हजार रुपए के पुरस्कार दिए जाएंगे। इसके अलावा मैन ऑफ द टूर्नामेंट को 5100 रुपए तथा बेस्ट बैट्समैन और बेस्ट बॉलर को 3100-3100 रुपए से सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में सकल जैन समाज के कई पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे तथा परीक्षा के सफल आयोजन में सहयोग किया।

ICU मरीजों के लिए पारस हेल्थ में एडवांस्ड डायलिसिस थेरेपी शुरू, CRRT सिस्टम लॉन्च, गंभीर मरीजों को मिलेगा सुरक्षित और लगातार उपचार



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। झीलों की नगरी उदयपुर में स्थित पारस हेल्थ उदयपुर ने गंभीर रूप से बीमार किडनी मरीजों के इलाज को और मजबूत करते हुए एडवांस्ड कंटीन्यूअस रीनल रिप्लेसमेंट थेरेपी (CRRT) सिस्टम शुरू किया है। विश्व किडनी दिवस के अवसर पर लॉन्च की गई यह आधुनिक तकनीक आईसीयू में भर्ती गंभीर मरीजों के लिए सुरक्षित डायलिसिस सुविधा प्रदान करेगी। अस्पताल के नेफ्रोलॉजी विभाग के कंसल्टेंट डॉ. आशुतोष सोनी के नेतृत्व में नेफ्रोलॉजी और क्रिटिकल केयर टीम इस नई थेरेपी को संचालित करेगी। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार यह प्रणाली विशेष रूप से उन मरीजों के लिए उपयोगी है जिन्हें किडनी की गंभीर समस्या के कारण लगातार निगरानी और उपचार की आवश्यकता होती है। इस अवसर पर सीएमएचओ डॉक्टर अशोक आदित्य की भी मौजूदी रही जिन्होंने खान—पान में बदलाव व आधुनिक जीवन शैली को बढ़ती बीमारियों का कारण बताया।

24 घंटे चलता है उपचार

डॉ. आशुतोष सोनी ने बताया कि कंटीन्यूअस रीनल रिप्लेसमेंट थेरेपी (CRRT) डायलिसिस का एक उन्नत रूप है, जिसका उपयोग मुख्य रूप से आईसीयू में भर्ती अत्यंत गंभीर मरीजों के लिए किया जाता है। सामान्य डायलिसिस कुछ घंटों में पूरा हो जाता है, जबकि यह थेरेपी 24 घंटे तक लगातार चलती है। इससे खून में मौजूद विषाक्त पदार्थ और अतिरिक्त तरल पदार्थ धीरे-धीरे शरीर से बाहर निकलते रहते हैं, जिससे ब्लड प्रेशर स्थिर बना रहता है और मरीज की स्थिति नियंत्रित रहती है।

भारत में बढ़ रही किडनी रोग की चुनौती

विशेषज्ञों के अनुसार भारत में किडनी रोग एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या बनता जा रहा है। अनुमान है कि लगभग 14 प्रतिशत आबादी क्रॉनिक किडनी डिजीज (CKD) से प्रभावित है और देश में करीब 13.8 करोड़ से अधिक वयस्क इस बीमारी से जूझ रहे हैं। जागरूकता की कमी और शुरुआती जांच नहीं होने के कारण कई मामलों का पता बीमारी के उन्नत चरण में ही चल पाता है। डॉ. आशुतोष सोनी ने बताया कि अक्सर मरीज अस्पताल तब पहुंचते हैं जब किडनी काफी हद तक क्षतिग्रस्त हो चुकी होती है। नियमित स्वास्थ्य जांच, डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर को नियंत्रित रखने तथा समय पर किडनी की जांच से जटिलताओं को काफी हद तक रोका जा सकता है।

अस्थिर ब्लड प्रेशर वाले मरीजों के लिए सुरक्षित

अस्पताल के फैसिलिटी डायरेक्टर डॉ. प्रसून कुमार ने बताया कि गंभीर रूप से बीमार मरीज, विशेषकर एक्यूट किडनी इंजरी से पीड़ित लोग कई बार पारंपरिक डायलिसिस नहीं झेल पाते क्योंकि उनका ब्लड प्रेशर अस्थिर होता है। CRRT के जरिए लंबे समय में धीरे-धीरे विषाक्त पदार्थ और अतिरिक्त तरल पदार्थ निकाले जाते हैं, जिससे आईसीयू में मरीजों का उपचार अधिक सुरक्षित और नियंत्रित तरीके से किया जा सकता है।

गंभीर बीमारियों में मिलती है राहत

यह थेरेपी गंभीर संक्रमण, अंग विफलता या बड़ी सर्जरी के बाद उत्पन्न जटिल स्थितियों में भी मददगार साबित होती है। इससे शरीर में फ्लूइड बैलेंस बनाए रखने और अन्य अंगों पर दबाव कम करने में सहायता मिलती है, जिससे मरीज की रिकवरी बेहतर हो सकती है। अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि इस नई सुविधा के साथ पारस हेल्थ उदयपुर क्षेत्र में एडवांस्ड नेफ्रोलॉजी, यूरोलॉजी और क्रिटिकल केयर सेवाओं को और मजबूत कर रहा है, ताकि उदयपुर और आसपास के क्षेत्रों के मरीजों को जरूरत के समय विशेषज्ञ किडनी उपचार स्थानीय स्तर पर उपलब्ध हो सके।

राजस्थान का सबसे बड़ा प्रीमियम टाइल्स एवं सैनिटरीवेयर शोरूम 'HOUSE OF QUTONE' उदयपुर में भव्य रूप से उद्घाटित



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। शहर के अंबेरी ब्रिज स्थित राजस्थान के सबसे बड़े प्रीमियम टाइल्स एवं सैनिटरीवेयर शोरूम HOUSE OF QUTONE का भव्य उद्घाटन आज मेवाड़ राजपरिवार के सदस्य LAKSHYARAJ SINGH MEWAR के करकमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर शहर के प्रतिष्ठित आर्किटेक्ट्स, इंटीरियर डिजाइनर्स, बिल्डर्स, व्यापारियों एवं गणमान्य अतिथियों की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए LAKSHYARAJ SINGH MEWAR ने कहा कि उदयपुर तेजी से आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर और डिजाइन के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। ऐसे में HOUSE OF QUTONE जैसे प्रीमियम ब्रांड का विशाल शोरूम शहर के लोगों को विश्वस्तरीय टाइल्स और सैनिटरीवेयर विकल्प उपलब्ध कराएगा तथा होम इंटीरियर को नया आयाम देगा। शोरूम में अत्याधुनिक डिजाइन, इंटरनेशनल स्टाइल कलेक्शन और हाई क्वालिटी टाइल्स व सैनिटरीवेयर की विस्तृत रेंज प्रदर्शित की गई है। यहां ग्राहकों को फर्श, दीवारों, बाथरूम और किचन के लिए प्रीमियम डिजाइन विकल्प एक ही स्थान पर उपलब्ध होंगे।

शोरूम प्रबंधन ने बताया कि यह शोरूम आधुनिक तकनीक, विशाल डिस्प्ले एरिया और एक्सक्लूसिव कलेक्शन के साथ तैयार किया गया है, जिससे ग्राहकों, आर्किटेक्ट्स और डिजाइनर्स को अपने ड्रीम प्रोजेक्ट्स के लिए सर्वोत्तम विकल्प मिल सकेंगे।

कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने शोरूम का अवलोकन किया और यहां प्रदर्शित प्रीमियम कलेक्शन की सराहना की। उद्घाटन समारोह के पश्चात सभी अतिथियों के लिए विशेष आतिथ्य की व्यवस्था भी की गई। शहर में खुले इस भव्य शोरूम के साथ अब उदयपुर के लोगों को अपने घर और प्रोजेक्ट्स के लिए इंटरनेशनल स्टाइल टाइल्स और सैनिटरीवेयर का बेहतरीन अनुभव मिलेगा।

पंच गौरव योजना के तहत ब्लॉक स्तरीय तैराकी में सैकड़ों खिलाड़ियों ने दिखाया दम



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 12 मार्च। राजस्थान सरकार के पंच गौरव कार्यक्रम के तहत "एक जिला–एक खेल" योजना अंतर्गत जिले में खेल प्रतिभाओं की खोज और उन्हें प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से ब्लॉक स्तरीय तैराकी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताएं जिला कलक्टर नमित मेहता, उदयपुर विकास प्राधिकरण के आयुक्त राहुल जैन और जिला खेल अधिकारी डॉ. महेश पालीवाल के निर्देशन में आयोजित की गईं। जिला खेल अधिकारी डॉ. महेश पालीवाल ने बताया कि कार्यक्रम के तहत जिले के सभी ब्लॉकों में क्रमबद्ध रूप से प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। इसी कड़ी में गुरुवार को कुराबड़, वल्लभनगर, भीण्डर और मावली ब्लॉक की प्रतियोगिताएं कृष्णराज होटल तरणताल में संपन्न हुईं।

ब्लॉकवार खिलाड़ियों की भागीदारी

कुराबड़ ब्लॉक की प्रतियोगिता सुबह 11 बजे शुरू हुई, जिसमें प्रभारी गणपत सिंह झाला, राजेश चौहान और सरिता भारती के नेतृत्व में क्षेत्र के 28 तैराकों ने भाग लिया।

वल्लभनगर ब्लॉक की प्रतियोगिता दोपहर 12 बजे प्रारंभ हुई, जिसमें प्रभारी मनोहर सेन, दिलीप लौहार, कचन देवड़ा और देवीलाल मेनारिया द्वारा लाए गए 65 प्रतिभाशाली तैराकों ने हिस्सा लिया। भीण्डर ब्लॉक की प्रतियोगिता दोपहर 1 बजे शुरू हुई, जिसमें प्रभारी विजय मेनारिया, लक्ष्मीलाल गुर्जर और नरेश मेनारिया के साथ 45 तैराकों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि भवरलाल भट्ट, अध्यक्षता प्रकाश मेनार तथा विशिष्ट अतिथि धनराज अहीर और हीरालाल सुथार मौजूद रहे। विजेता तैराकों को अतिथियों ने मेडल और मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया।

24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा।